हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 16 अप्रैल 2025



# दम तोड़ रहे नक्सली संगठन को तगड़ा झटका, डिप्टी कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

## सर पर 5 लाख का इनाम, माड़ से चलकर मोहला पहुंचा इनामी नक्सली रूपेश मंडावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

एमएमसी जिला सहित बस्तर कांकेर तथा महाराष्ट्र के सीमावर्ती एरिया में हथियार थामे 14 वर्षों तक लाल आतंक का साथ देने वाले कोतरी एरिया कमेटी के डिप्टी कमांडर रूपेश उर्फ सहदेव मंडावी ने आईजी दीपक झा व पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रयास से प्रभावित होकर आज हथियार छोड़ते हुए बस्तर के माड़ इलाके से चलकर मोहला जिला मुख्यालय पहुंचते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित नक्सली कमांडर रूपेश मंडावी के ऊपर शासन ने 5 लाख का ईनाम घोषित किया हुआ है।

एसपी यशपाल सिंह द्वारा प्रेस वार्ता करते हुए खुलासा किया गया कि माओवादी उन्मुलन अभियान के तहत डीआरजी टीम एवं केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल आईटीबीपी तथा जिला पुलिस बल के संयुक्त प्रभावी प्रयासों से चलाये जा रहे नक्सल ऑपरेशन तथा छ.ग. शासन की नई पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति योजना से प्रभावित होकर आरकेबी डिवीजन के कोतरी एरिया कमेटी के डिप्टी कमाण्डर रूपेश उर्फ़ सहदेव मंडावी ने आत्मसमर्पण किया है। रूपेश मंडावी मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले सहित बस्तर के कांकेर जिला तथा महाराष्ट्र के सीमावर्ती गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों के कई वारदातों में शामिल रहा। आत्मसमर्पित नक्सली रूपेश मंडावी को प्रेस वार्ता के बीच पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने शासन के नीति अनुसार 50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि भेंट किए।

### 20 वर्ष की उम्र में थामा हथियार

पांचवी कक्षा तक पढ़े लिखे 34 वर्षीय आत्म समर्पित नक्सली कमांडर रूपेश मंडावी के खुलासों के अनुसार नक्सली कमांडर कमलेश के सम्पर्क से भाकपा (माओवदी) संगठन में काम करना शुरु किया। सीएनएम के सांस्कृतिक गतिविधियों से प्रभावित होकर नक्सल संगठन में वर्ष 2012 भर्ती हुआ। 2012 से 2019 तक विजय रेड्डी आरकेबी डिवीजन कमेटी सचिव एवं डीके एसजेडसी सदस्य का गार्ड था। 2021 मार्च से एसीएम कोतरी एरिया कमेटी के पद पर प्रमोट हुआ। वर्ष 2023 डिप्टी कमांडर का प्रभार मिला।



### कई खुलासे होगें

कोतरी एरिया कमेटी के डिप्टी कमांडर रूपेश मंडावी के आत्मसमर्पण करने से नक्सली संगठन को बेहद बड़ा अघात पहुंचा है रूपेश से नक्सलियों से संबंधित और भी कई खुलासे आगे होंगे। जिस पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**- वाय पी सिंह,** पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला

### इन क्षेत्रों में रहा सक्रिय

पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि आत्म समर्पित नक्सली कमांडर रूपेश मंडावी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के थाना मदनवाड़ा, सीता गांव, औंधी, मानपुर, एवं जिला कांकेर के थाना गोंडातुर, पखांजूर जिला नारायणपुर के माड़ क्षेत्र के साथ-साथ महाराष्ट्र एरिया में आरकेबी डिवीजन कमेटी के सचिव विजय रेड्डी एवं डीके एसजेडसी सदस्य के साथ सक्रिय था।

## खबर संक्षेप

### बेतरतीब नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर जुर्माना



**राजनांदगांव।** शहर के भीतरी इलाको के व्यस्त मार्गो में अव्यवस्थित रूप से नो पार्किंग में खडे वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसके तहत 86 वाहनों पर कार्रवाई की गई। आज 15 अप्रैल को पुलिस, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में यातायात टीम द्वारा शहर के महावीर चौक, जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन, आजाद चौक, भारत माता चौक में बेतरतीब नो पार्किंग में खड़े 86 वाहनों पर कार्रवाई कर 42900 रुपए जुर्माना वसूला गया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस ने आम जन से अपील है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें।

### पर्यटक मंडल के अध्यक्ष नीलू आज करेंगे पदभार ग्रहण

**राजनांदगांव।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में



कल 16 अप्रेल को शाम 4 बजे पं दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम गौरव पथ रायपुर में भाजपा के युवा नेता नीलू शर्मा छत्तीसगढ़ पर्यटक मंडल अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। इस दौरान प्रदेश के मंत्री सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति रहेगी। प्रदेश सरकार ने भाजपा के युवा नेता नीलू शर्मा को छत्तीसगढ़ पर्यटक मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्री शर्मा कल 16 अप्रैल को शाम 4 बजे पं. दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम गौरव पथ रायपुर में पदभार ग्रहण करेंगे, वहीं सम्मान समारोह भी आयोजित किया जायेगा। उक्त गरिमामयी आयोजन में आशीर्वादक एवं मार्गदर्शक के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि होंगे, अध्यक्षता विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे, अतिविशिष्ट अथियों में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री राम विचार नेताम, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, संतोष पाण्डेय, विधायक किरण सिंह देव, धरमलाल कौशिक सहित भाजपा के नेता, कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## योजना के तहत नगद भुगतान के साथ ऑनलाइन सुविधाएं मिलेगी

# तीन जिलों की 90 पंचायतों में खुलेंगे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, कई सुविधाएं मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आधुनिकता के इस दौर में अब जब लगभग सभी सरकारी सुविधाओं के लिए ऑनलाइन प्रणाली का उपयोग होने लगा है। ऐसे में आसान तरीके से डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रदेश सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है। केंद्र की अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के तहत ग्रामीणों को एक छत के नीचे ही सभी प्रकार की डिजिटल सुविधा के साथ ही नगद आहरण की सहूलियत मिलने वाली है। आगामी 24 अप्रैल से अविभाजित जिले में प्रथम चरण के तहत कुल 90 गांव में इसकी शुरुआत होने जा रही है।

ज्ञात हो इस योजना के तहत ग्रामीण आसानी से अपने खातों से पैसे निकाल सकेंगे, अपने और दूसरों के खातों में पैसे जमा कर सकेंगे, बिजली, पानी के बिल का भुगतान कर सकेंगे और पेंशन तथा बीमा सुविधाओं के तहत भी पैसे प्राप्त कर सकेंगे। लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए विकासखंड या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।

बताया गया कि आगामी 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के दिन से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इसकी शुरुआत की जाएगी। खास बात यह है कि इस सुविधा को प्रदान करने के लिए पंचायत स्तर पर ही एमओयू किया जा रहा है। एमओयू होने के बाद इस सुविधा की शुरुआत हो जाएगी। योजना के तहत अविभाजित जिले में 90 ग्राम पंचायतों का चयन कर लिया गया है। प्रथम चरण में उन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है, जहां पहले से ही सीएचसी सेंटरों के साथ ही इंटरनेट की बेहतर उपलब्धता रही हो। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन ने सभी चयनित ग्राम पंचायतों को जल्द से जल्द एमओयू करने कहा है, इसके लिए बकायदा प्रदेश स्तर से एक फार्मेट भी जारी किया गया है। पंचायतों को कॉमन सर्विस सेंटर के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों यानि वीएलई के लिए उचित बैठक की समुचित व्यवस्था, बिजली कनेक्शन और आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी होगी।

### खास बातें

- ग्राम पंचायत और वीएलई के बीच होगा एमओयू
- किसी भी सुविधा के लिए नहीं लेंगे अतिरिक्त शुल्क
- 24 अप्रैल से होगी केंद्रों की योजना के तहत शुरुआत




### यह सुविधाएं मिल पाएगी

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र खुलने से ग्रामीणों को कई तरह की सुविधाएं मिलेगी। इनमें महतारी वंदन, मनरेगा, वृद्धा पेंशन जैसी योजनाओं का पैसा आने के बाद उसे निकालने में मदद मिलेगी। ज्ञात हो कई गांव में बैंक की शाखाएं नहीं होने से ग्रामीणों को कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। ग्रामीणों को सरकारी प्रमाण पत्र जैसे जाति, आय, निवास, पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम पंजीयन जैसी सेवाएं निःशुल्क या निर्धारित दर पर मिल सकेंगी।

### इन गांव का चयन

योजना के तहत राजनांदगांव विकासखंड में बघेरा, भानपुरी, भर्रेगांव, बीजेतला, डोम्हाटोला, डुमरडीहकला, गठुला, मुड़पार, पटेवा और सहसपुरदल्ली का चयन हुआ है। ऐसे ही छुरिया विख में आयबांधा, अतरगांव, बम्हनीचारबांठा, भोलापुर, चांदो, चिरचारी कला, दैहन, दामाबंजारी, घोटिया, जोशीलमती शामिल है। डोंगरगांव विख में आरगांव, आसरा, अम्लीडीह, बम्हनीभांठा, गुनवागांव, जंतर, करमतरा, कोटरासरार, मनेरी और डोंगरगढ़ विख में अंडी, चारभांठा, धुसेरा, एलबीनगर, मुड़पार, पारागांवखुर्द, रामाटोला, सीतागोटा और टाटेकसा ग्राम पंचायत के नाम शामिल है।

### नांदगांव में 40, एमएमसी में 30 गांव का चयन

केंद्र सरकार की अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र योजना के तहत प्रदेशभर में प्रथम चरण में हर विकासखंड से दस-दस ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। राजनांदगांव जिले के चार विकासखंड में 40, एमएमसी जिले की तीन विकासखंड में 30 और केसीजी जिले के दो विकासखंड में 20 ग्राम पंचायतों का चयन हुआ है। बताया गया कि पहले चरण के सफलतापूर्वक संचालित होने के बाद दूसरे चरण के तहत और भी ग्राम पंचायतों को इससे जोड़ा जाएगा।

## बेमौसम बारिश, अगले तीन दिन में चार डिग्री चढ़ेगा दिन का तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- मौसम विभाग के अनुसार 72 घंटों के बाद फिर बढ़ेगी गर्मी



मौसम में बदलाव का दौर बना हुआ है, सोमवार को प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहने वाले नांदगांव में मंगलवार को अचानक मौसम बिगड़ा और बारिश देखने को मिली। आज और कल भी मौसम ऐसा ही बना रहने की संभावना जताई गई है। हालांकि उसके बाद के 72 घंटों में गर्मी फिर बढ़ेगी, मौसम विभाग के अनुसार इन तीन दिनों में लगभग 3 से 4 डिग्री तक तापमान में इजाफा होगा। ज्ञात हो मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री पर रहा।

इधर मौसम विभाग द्वारा जारी अनुमान के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ, एक द्रोणिका के रूप में उत्तर बिहार से उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश तक 5.8 किमी ऊंचाई पर स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य-मध्य प्रदेश के दक्षिण में 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका मध्य-मध्य प्रदेश के दक्षिण भाग से दक्षिण गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक छत्तीसगढ़ होते हुए 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है।

इन सभी के असर से प्रदेश में कल दिनांक 16 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने और ओलावृष्टि होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक हल्की वृद्धि के साथ विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, उसके बाद अगले तीन दिनों में करीब 4 डिग्री के आसपास वृद्धि होने की संभावना है।

## पिकअप में कर रहे थे मवेशी तस्करी, पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में मवेशियों को ठूंस ठूंस कर भर कर महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था जिसकी सूचना मिलने पर चौकी चिचोला पुलिस ने घेराबंदी कर उक्त वाहन को पकड़ा। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है एवं 13 मवेशियों को बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशन पर मवेशी तस्कर व असमाजिक तत्वों की रोकथाम अभियान कार्रवाई किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 अप्रैल को चिचोला पुलिस चौकी को मुखबीर से सूचना मिला की एक बोलेरो पीकप वाहन के चालक द्वारा मवेशियों को बिना चारा पानी के क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरकर परिवहन करते राजनांदगांव से कत्लखाना काकोड़ी महाराष्ट्र की ओर ले जा रहा है।





### घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा

सूचना पर जांच पड़ताल कर रही थी तभी राजनांदगांव तरफ से आ रहे बोलेरो वाहन का चालक पुलिस वाहन को देखकर पीकप वाहन को लेकर महाराजपुर बस्ती तरफ भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। वाहन के ड्रायवर सीट पर बैठा व्यक्ति पकड़ाया और दूसरा व्यक्ति भाग गया। पकड़ाये व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम आकाश भारती उर्फ़ आसू उम्र 24 साल निवासी वार्ड नंबर -2 नवागांव बजरंगपुर का रहने वाला बताया।

### 13 बछड़ा बरामद

पीकप वाहन के अंदर कुल 13 नग बछड़ा बिना चारा पानी के क्रूरता पूर्वक भरा मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया। रिमांड प्राप्त होने के बाद जेल दाखिल किया गया।

## ननि का नेता प्रतिपक्ष नहीं तय कर पा रही कांग्रेस, डेढ़ महीने से खींचतान

- तीन दावेदारों का सामने आया नाम, पार्षदों में एकमत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम चुनाव को लेकर परिणाम सामने आने के डेढ़ महीने बाद भी कांग्रेस अब तक अपना नेता प्रतिपक्ष नहीं तय कर पाई है। 51 वार्ड वाले राजनांदगांव नगर निगम में महज आठ सीटों पर जीत हासिल करने वाली कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर ही तीन दावेदार सामने आ गए हैं।

हालांकि दो नामों के बीच ही खींचतान चल रही है। बताया गया कि संगठन जिस नाम पर सहमत हुआ है, उसको लेकर पार्षदों में एकमत नहीं है। यही कारण है कि नाम के ऐलान में देरी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि पांच साल तक शहर सरकार में काबिज रही कांग्रेस को इस नगरीय निकाय चुनाव में शहर में महज आठ वार्ड में ही जीत हासिल हुई है। 15 फरवरी को परिणाम सामने आने के बाद आज लगभग 50 दिनों का समय निकल चुका है, लेकिन पार्टी नेता प्रतिपक्ष को लेकर निर्णय नहीं ले पा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नेता प्रतिपक्ष का नाम तय करने के लिए जो बैठक बुलाई गई थी, उसमें भी आपसी सहमति नहीं बन पाई थी। यही कारण है कि इसको लेकर लगातार मामला टलता ही जा रहा है।

### इनके बीच पेंच

नेता प्रतिपक्ष पद को लेकर वरिष्ठ पार्षद हफीज खान एवं संतोष पिल्ले के बीच पेंच फंसा हुआ है। सूत्रों की माने तो शहर कांग्रेस के अधिकांश नेता हफीज खान के नाम पर अपनी सहमति जता चुके हैं, लेकिन कांग्रेस के अधिकांश मौजूदा पार्षद संतोष पिल्ले को नेता प्रतिपक्ष बनवाना चाहते हैं। यही कारण है कि फैसला नहीं हो पा रहा है। हालांकि पार्षद राजा तिवारी ने भी अपनी दावेदारी इस पद को लेकर की है। एक पक्ष उनके नाम का भी समर्थन कर रहा है।

## माए एंगल




### जैन समाज के सदस्य रहे उपस्थित, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# जैन संतों पर हमले का विरोध, आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग, सुरक्षा कानून बनाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जैन मुनियों पर हुए हमले के विरोध में आज बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है और लगातार जैन संतों पर हो रहे हमले का सकल जैन श्री संघ ने कड़ा विरोध किया है। बीते 13 अप्रैल की रात्रि मध्यप्रदेश के सिंगोली नगर के ग्राम कछावा में तीन जैन संत विहार के दौरान कछावा गांव के हनुमान मंदिर पर रुके हुए थे। रात में 6 बदमाशों ने उन पर लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमलावरों ने संतों को अपशब्द भी कहे। इस हमले में जैन संत गंभीर रूप से घायल हुए है।



### संतों की सुरक्षा के लिए बने कानून

सकल जैन समाज के अध्यक्ष मनोज बैद ने कहा कि आरोपियों ने पैसे की मांग करते हुई संतों की पिटाई की, जो संत पैसे छूते नहीं उनसे पैसों की मांग की गई। 6 माह पहले भी जैन साध्वियों के साथ भी ऐसी घटना हुई थी, उन्होंने कहा कि देश में साधु संत सुरक्षित नहीं है, संत राष्ट्र की धरोहर है। साधु संतों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने मांग की जाएगी।

### हमले की निंदा

जैन समाज ने अपने ज्ञापन में कहा कि ज्ञानगच्छ संप्रदाय के शैलेष मुनि जी, मुनिन्द्र मुनि जी एवं बलभद्र मुनि जी के विहार के पश्चात् 3 जैन संतों के साथ असामाजिक तत्वों के द्वारा अशोभनीय तथा अमानवीय दुर्व्यवहार किया गया। वहीं उन पर प्राणघातक हमला किया गया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हुए है। जैन समाज के द्वारा इस हमले की निंदा करते हुए आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

### सुरक्षा व्यवस्था की मांग

जैन समाज ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि रास्ते में जो भी संत एवं साध्वी अपनी संयम यात्रा में गतिमान हो, उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## अंधड़ से एनएच में लगा बोर्ड गिरा, राहत: कोई हादसा नहीं



राजनांदगांव। मौसम में आए बदलाव के बाद मंगलवार की दोपहर अचानक तेज हवाएं चलने लगी। हल्की बारिश भी इस बीच देखने को मिली, इसी दौरान शहर के आउटर इलाके में नेश्नल हाईवे पर रायपुर नाका के आगे स्थित एक साईन बोर्ड अचानक गिर पड़ा। राहत यह रही कि बोर्ड गिरने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हालांकि इस घटना के बाद करीब आधे से पौन घंटे तक नेश्नल हाईवे में जाम की स्थिति निर्मित रहीं।







## जिलेभर में मनाई गई अंबेडकर जयंती, गांव-गांव में निकली शोभायात्रा

# संविधानवेत्ता को लोगों ने किया श्रद्धा के साथ नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में रासेयो, राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में अंबेडकर जयंती मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ एके धमगाए ने जयंती के मौके पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत का संविधान दुनिया में सबसे बड़ा है जिसका मसौदा डॉ. अंबेडकर ने तैयार किया था। इस मौके पर डॉ सीके साहू, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशाराम साहू, बालिका कार्यक्रम अधिकारी प्रियांकी गजभिए ने बाबा साहेब आंबेडकर ने जीवन, उपलब्धियों और योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान संविधान पर क्विज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में अम्बेडकर मूर्ति के समक्ष संविधान की शपथ लिया गया। संचालन नंदकुमार साहू ने किया। इस मौके पर संध्या मेश्राम, रोशन पटेल आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

**सोमनी**। ग्राम पंचायत सोमनी में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती उल्लास से मनाया गया। शुरुआत में भगवान बुद्ध एवं डां. अंबेडकर के चित्र पर तिलक लगाकर पूजा -अर्चना किया गया। इस अवसर पर नीलिमा शिवा साहू ने ग्रामीणों और सामाजिक जनों को बधाई देते हुए डॉ अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विजय राजपूत, प्रताप सिंह मैथिलक्षत्रिय, जितेन्द्र बंजारे, भुवन खंडेलवाल, संतोष यादव, केशरीबाई, नंदा वर्मा, सरोज पटेल, नरोत्तम बंजारे, महेश्वरी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी जितेन्द्र बंजारे ने दी।

**डोंगरगढ़**। बागरेकसा में बौद्ध समाज ने धूमधाम से भारत रत्न डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत की सभापति अनिता मंडावी थी।अध्यक्षता पवन नंदेश्वर ने किया। विशिष्ट अतिथि थनवार मंडावी, गिरधारी, गोदावरी निषाद, उपकार सिंह ठाकुर, दिलीप नंदेश्वर, अरविंद नंदेश्वर थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने बताया कि बाबा साहब के प्रयास से समानता का अधिकार, महिलाओं को अधिकार, अनुसूचित जाति जनजाति को आरक्षण की सुविधा मिली है। उन्होंने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष के बारे में भी विस्तार से बताया।

**मोहला**। डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर अंबागढ़चौकी के महिला जीविका केंद्र में सामाजिक समरसता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी कृति को स्मरण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब के कृतित्व का बखान किया। इस अवसर पर संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। ग्राम पंचायत में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र हेतु सरपंच एवं सीएससी के सर्विस प्रदाता के माध्यम से एमओयू किया गया। आगामी 24 अप्रैल को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गैंदकुंवर ठाकुर, सुशीला भंडारी, जयंत ठाकुर, योगेन्द्र सिगने, गमिता लोन्हारे, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, डीएफओ दिनेश पटेल, सीईओ जिला पंचायत भारती चंद्राकर, एसडीएम हेमेंद्र भूआर्य, अपर पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

**अर्जुनी**। नवीन महाविधालय में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में संविधान वेत्ता डां. आम्बेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पित किया गया। स्वागत के बाद प्राचार्य डां. ठाकुर ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, योगदान, संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान छात्रा वेनुका, तन्नू एवं मोनिका ने डॉ. अम्बेडकर के महत्वपूर्ण कार्यों का जिक्र किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सहारे ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षमय जीवन, जन कल्याण के लिए उठाए कदम आदि की जानकारी दी। अंतिम कड़ी में मुख्य वक्ता कन्हैयालाल खोब्रागढ़े ने जीवन इतिहास पर बात रखा। कार्यक्रम में उपासना, लक्ष्मी, वेनुका, मोनिका, पूजा यादव, पूजा धनकर, फलेश्वरी, रुपेश कुमार, मनी, सत्यप्रकाश, गीतेश आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के आयोजन में संजूसिंह, काव्या जैन, चांदनी पराते, शुभि जैन, हनी ठक्कर, हिमानी साहू, लीना साहू, दुष्यंत साहू, हरवंश चौरंगे ने सहयोग दिया। संचालन योगेन्द्र देवागंन एवं आभार व्यक्त हेमशंकर साहू ने किया।

**सड़क अतरिया**। सोमवार को ग्राम झुरानदी में संविधान शिल्पी बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने शामिल होकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में आंनद सिन्हा, केदार मेश्राम, कमलेश जंघेल, समय जंघेल, अरुण मेश्राम, रामाधार जंघेल सहित अन्य शामिल हुए।

**बांधाबाजार**। संविधान वेत्ता डॉ अंबेडकर की जयंती थैलीटोला, बांधाबाजार, गुंडरदेही, कोटरा, जोरातराई में उल्लास के साथ मनाई गई। जयंती पर गांव में बाईक रैली और शोभा यात्रा निकाला गया। लोगों ने बाबा साहेब और भगवान बुद्ध के मूर्ति के समक्ष सामूहिक परित्राण पाठ और पूजा अर्चना किया। शाम को केक काटकर आतिशबाजी किया गया। इस मौके पर भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संदीप मेश्राम, योगमाया साहू, रवि नेताम, कीरतकुमार , मयंक गणवीर ,विजय नंदागौरी, अजय नंदागौरी, भग्गूलाल मेश्राम, कृष्णा रामटेके, रेशम गणवीर, लक्ष्मीकांत, नीरज, रामसाय, नगेन्द्र बारमाटे, किशोरी रामटेके, कैलाश सिन्हा, शोभाराम, कांति चौधरी, गजेंद्र चौधरी, संतोष, शेखर सुमन, विश्वदीप नंदेश्वर, पप्पू सिन्हा, महादेव गायकवाड, कमला मेश्राम, उर्वशी गणवीर, सुशीला रामटेके, सरिता नंदागौरी, अन्नू नंदागौरी, रेणुका, पूनम रामटेके, उमा गणवीर, बेदकुंवर मेश्राम, दयाशंकर नंदेश्वर, बंटी मेश्राम, उमेश मेश्राम, कल्पना सुखदेव, किशोर मेश्राम, सीमा मेश्राम, विनय कुमार, प्रदीप मेश्राम, मोहनी उईके, पूनम सिन्हा, मदन रामटेके, महेंद्र रामटेके, आशीष बोरकर, धरमपाल सुकदेवे, अनिल आदि मौजूद थे।

**मानपुर**। संविधान वेत्ता डां अंबेडकर की जयंती जिले में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रतासिंह ने विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मोहला के तहसील प्रांगण में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजा-अर्चना किया गया। चिल्हाटी में आयोजित कार्यक्रम सांसद संतोष पांडे भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के आदर्श आज भी हमें सामाजिक समानता, शिक्षा और संविधानिक मूल्यों के प्रति प्रेरित करते हैं।

### प्रतिमा के समक्ष प्रज्ज्वलित की मोमबत्ती

**कल्लूबंजारी**। बौद्ध समाज मन्होरा, साल्हे के तत्वावधान में संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि




जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह भुआर्य थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य अंजलि घावड़े ने की। विशेष अतिथि दिनेश कुरेटी, देशराम कोर्राम, नंदकुमार गोंड़िया, सुरेश रावटे, चंद्रिका चन्द्रवंशी, हिमांशु रंगारी, भागीरथी नारंग, बोधन साहू थे। कार्यक्रम के आरंभ में ध्वजारोहण कर भगवान बुद्ध एवं बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती प्रज्जवलित किया गया। इससे पूर्व मोटर साइकिल रैली निकालकर भ्रमण किया गया। इस मौके पर श्री भुआर्य, श्रीमती घावड़े, श्री कुरेटी, देशराम कोर्राम, नंदकुमार गोंड़िया, सुरेश रावटे, चंद्रिका चंद्रवंशी, बोधन साहू ने संबोधित किया। इस मौके पर कमलेश रामटेके, गुलाब घावड़े, जीवन वाल्दे, दलेश्वर रामटेके, हिमांशु रामटेके, यादोराम खोब्रागढ़े, गंगाराम साहू, रोहित कौशिक, संतराम नेताम, रामगुलाल घावड़े आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार कल्लू बंजारी में जयंती मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद भगवान बुद्ध एवं बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान ग्राम पटेल राज कुमार पटेल ने डॉ अम्बेडकर द्वारा संविधान के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान डोमन पटेल, लिहार पटेल, बाबूलाल पटेल, भवन ठाकुर, लालसाय रामटेके, एवं लाल बहादुर तिवारी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में चित्रा कोर्राम, मधु रामटेके, सुशील कंवर, संतराम कंवर, मोतीराम साहू, नेतराम पटेल, मेघराज कंवर, लक्ष्मी कंवर, कनक बाई, सुमनबाई, खिलेश्वरी मंडावी आदि उपस्थित थे।

### अंबेडकर के आदर्शों से ही विकास संभव : नीलू शर्मा





**गैंदाटोला**। भाजपा मंडल के अधीन आने वाले खुर्सीपार में भारत रत्न डां. अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने पूजा अर्चना कर झंडा रोहण किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने डॉ अंबेडकर के तीन प्रेरणादायक वाक्य शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने की। इस मौके पर गीता साहू , बीरम मंडावी, भेषबाई साहू, हेमिन साहू, बालमुकुंद कुंजाम, खिलेश्वर साहू, कुमार साय साहू, रामकुमार मंडावी, विष्णु साहू, मनीष त्रिपाठी, डोमेन पटेल, गोपाल सेन, गौरव अग्रवाल, भूपेन्द्र निर्मलकर, प्रदीप वर्मा, महेश यदु आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन हनीफ कुरैशी और अंत में आभार सुरेन्द्र मोटधरे ने जताया।



## खबर संक्षेप

### आंधी से पेड़ गिरा



**छुरिया**। तेज आंधी से छुरिया डोंगरगांव मार्ग पर स्थित ग्राम कोकपुर में पेड़ गिराने से कुछ देर तक आवागमन अवरूद्ध हो गया। पेड़ के गिरने से किसी प्रकार की हानि नहीं हुई। ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ हटाकर आवागमन शुरू किया गया।

### पावर लिफ्टिंग में योगेंद्र ने जीता रजत पदक

**गंडई पंडरिया**। गंडई निवासी प्रीतमसिंग राजपूत के पुत्र योगेंद्र राजपूत ने



बिलासपुर में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित 25वीं सीजी स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया है। दुर्ग में बीकॉम द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे योगेंद्र ने बिलासपुर में आयोजित इस चैंपियनशिप के विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने 550 किलोग्राम वजन उठाकर फर्स्ट, सेकंड और अन्य स्थानों पर कब्जा जमाया। उन्होंने अपने गांव, माता-पिता और परिवार का नाम रोशन किया है। योगेंद्र की इस उपलब्धि पर परिजनों और नगरवासियों ने उन्हे बधाई दी है।

### घुमका में नालियों की सफाई

**घुमका**। नगर पंचायत के विभिन्न 15 वार्डों की नालियों की बीते एक



सप्ताह से सफाई की जा रही है। सीएमओ श्री देवदास ने बताया कि वर्षा ऋतु शुरू होने के पहले नालियों की सफाई की जा रही है ताकि बारिश होने से पानी जाम की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी प्रकार की समस्या हो तो वह नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर बता सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनसुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कर दिया गया है।

## गांव तक पहुंचने पक्की सड़क नहीं

- गुमानपुर के ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत खैरबना के आश्रित ग्राम गुमानपुर वासियों के लिए पक्की सड़क का सपना मात्र सपना की बन कर रह गया है। एक हजार आबादी वाले इस गांव तक पहुंचने के लिए अब तक सड़क नहीं बनी है। ग्रामीण नाला पार से आना जाना करते हैं। ग्रामवासी कई दफा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों से पक्की सड़क की मांग कर चुके है पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। वर्तमान में ग्रामीण आवागमन के लिए जिस रास्ते का उपयोग करते हैं वह छोटे बड़े वाहन चलने से जर्जर हो गया है। लगभग एक किलोमीटर के रास्ते पर सैकड़ों छोटे बड़े गड्ढे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में इस मार्ग पर सफर करना खतरनाक हो जाता है। गड्ढो में पानी भरने से वाहन चालक को गड्ढे का अंदाजा नहीं होता और हादसे के शिकार हो जाते है।

नहर पार के एक तरफ नहर तो दूसरी तरफ खाई नुमा गड्ढा है। इस गांव तक पहुंचने के लिए खैरबना होकर एक मार्ग है जो लंबा है। ग्रामीण ब्लाक मुख्यालय छुईखदान कुकुरमुड़ा चौक से आना जाना करते है जिसके लिए अब तक मार्ग नहीं बना है। नहर का पार ही आने जाने का एक मात्र जरिया है। अतरिया, छुईखदान में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं भी इसी परेशानी भरे मार्ग से गुजरते है।



### वन भूमि में निर्माण की अनुमति नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि तीन साल पहले गुमानपुर से कुकुरमुड़ा चौक तक सड़क बनने का प्रस्ताव पास हुआ था। पक्की सड़क वन भूमि से होकर गुजर रही थी। विभाग से अनुमति नहीं मिलने के कारण निर्माण स्थगित हो गया। ग्रामीणों ने मांग किया है लोगों की समस्या को ध्यान में रखकर पक्की सड़क का निर्माण शीघ्र किया जाए ताकि गांव का विकास हो और ग्रामीणों को सुविधा मिले। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने ग्रामीणों की मांग जायज बताते हुए कहा कि सड़क बनना आवश्यक है। लोगों को मुलभुत सुविधा उपलब्ध करना सरकार का प्रमुख दायित्व है। सरकार का ध्यान आकर्षित कर कार्य करवाया जाएगा।

## जागरूक करने निकाली जल यात्रा

**अर्जुनी**। ग्राम पंचायत किरगी ब में जल संरक्षण के लिए जल कलश यात्रा निकाली गई। पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में नीर और नारी जल यात्रा निकालकर जल संरक्षण के लिए ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इस मौके पर जल संरक्षण की जरूरत और फायदे के बारे में बताया गया। जिले के सेमी क्रिटिकल जोन में शामिल होने की जानकारी देते हुए कहा गया कि इस स्थिति में सभी की जिम्मेदारी है कि जल संरक्षण को गंभीरता से लेते हुए कदम उठाए। इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू ने पानी को कीमती बताते हुए भविष्य के सहेजने का आव्हान किया। इस मौके पर जनपद सदस्य उमेश साहू, सरपंच इंद्राणी साहू आदि उपस्थित थे।




## पंचायत में स्थाई समितियों का गठन

**सड़क अतरिया**। ग्राम पंचायत सड़क अतरिया में मंगलवार को बैठक आहुत कर स्थायी समितियों का गठन किया गया। सरपंच, उपसरपंच, सभी पंच एवं पीठासीन अधिकारी की मौजूदगी में पांच स्थाई समिति गठित किया गया। सामान्य प्रशासन समिति में सभापति सोनम वैष्णव, अश्वनी वैष्णव, धनेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, कुमारी बाई यादव को सदस्य बनाया गया है। निर्माण एवं विकास समिति में लीला बाई जंघेल, कुमारी बाई यादव, कल्पेश कुमार, अश्वनी वैष्णव को सदस्य बनाया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण समिति में धनेश जंघेल, संतोषी बाई, उत्तर कुमार जंघेल, मेलन बाई मेरावी को सदस्य बनाया गया है। कृषि, राजस्व एवं वन समिति में सुरेन्द्र जंघेल, मिथला बाई, संगीता निर्मलकर, उमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल को सदस्य है। इसी प्रकार गौठान समिति में कुमारीबाई यादव, मिथिला जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, कल्पेश कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया है।



## कर्मा जयंती में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**सड़क अतरिया**। ग्राम खैरबना में गत दिनों कर्मा जयंती मनाया गया। समाज एवं ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकाल कर जयकारा लगाया गया। भक्त माता



कर्मा की पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, आनंद सिन्हा, जनपद सदस्य डोमार सिंह भेड़िया एवं पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। ग्रामीणों ने अतिथियों का उत्साह के साथ स्वागत किया। अतिथियों ने मां कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके आदर्श को अपनाने की बात कही।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**गंडई पंडरिया।** पीएमश्री लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिन्दी विद्यालय गंडई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभिभावक 5 मई तक ऑनलाइन सीजी स्कूल एजुकेशन पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय की कक्षा पहली में 50 सीटें हैं। वहीं कक्षा 6वीं, 8वीं और 9वीं में 2-2 सीट रिक्त है। प्रवेश प्रक्रिया में नियमानुसार 50 प्रतिशत बालिकाओं, 25 फीसदी बीपीएल परिवारों और 25 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से छात्रों का चयन किया जाएगा। लॉटरी की तिथि 5 मई से 10 मई तक निर्धारित है। लॉटरी निकलने के बाद चयनित छात्रों के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन 11 से 15 मई तक किया जाएगा। प्रवेश की जानकारी के लिए अभिभावक प्रवेश प्रभारी शुभम सिंह, किरण ठाकुर , हेमंत कुमार और ममता सोनी से संपर्क कर सकते हैं।

### शिक्षिका वेदकुमारी को मिली मानद उपाधि



**खैरागढ़।** धमतरी में समता साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे शिक्षिका वेदकुमारी साहू को डॉ भीमराव अंबेडकर फेलोशिप से सम्मानित किया गया। अंबेडकर जयंती के दिन आयोजित कार्यक्रम अतिथियों ने ब्लाक के पिपलाकछार स्थित अवंती विद्या मंदिर की प्रधान पाठिका वेदकुमारी साहू को शिक्षा, कला, साहित्य, खेल, नशाबंदी, ग्रामोत्थान महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, सामज सेवा, संस्कृति व व्यक्तित्व विकास को लेकर उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रेष्ठ भूमिका का परिचय देने पर बीआर अंबेडकर फेलोशिप की मानद उपाधि दी। अकादमी के प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे ने कहा कि मानस मंचो मे बेहतरीन उद्घोषक के रूप मे प्रसिद्ध शिक्षिका वेदकुमारी साहू दलित, पिछड़े व कमजोर लोगों को अधिकार दिलाने, शोषण मुक्त समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा मे तत्परता से काम करते आ रही है। उनकी सृजनात्मक क्षमता और कार्यशैली को देखते हुए अकादमी द्वारा मानद उपाधि प्रदान करना शिक्षिका के साथ साथ अकादमी के लिए भी गौरवांवित करने वाला है। शिक्षिका को मानद उपाधि मिलने पर गृहग्राम खम्हारडीह सहित परिजनो व शाला स्टाफ ने बधाई दी है।

### हनुमान जन्मोत्सव मना

**छुरिया।** शिकारीमहका में हिंदुत्व भगवाधारी युवा संगठन ने धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बजरंग मंदिर में पूजा के बाद महिला समूह और हिंदुत्व भगवाधारी युवा संगठन ने प्रसाद वितरण किया। प्रसादी वितरण के बाद ग्रामवासियों एवं महिला समूह ने डीजे के साथ बाइक रैली निकाली गई, जो शिकारीमहका से बोईरडीह, छुरिया, भंडारपुर, हालेकोसा तक गई।

### विरोध प्रदर्शन को दरकिनार कर संभाली कुलपति की कुर्सी

# सुरों के संग सियासत की धुन, विवादों के बीच डॉ. लवली शर्मा बनी कुलपति

**रिसर्च के स्तर को ऊंचा उठाना और छात्रों को आत्मविश्वासी बनाना उनकी प्राथमिकता होगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि का वो परिसर जहॉ आमतौर पर सुर और ताल की मधुर लहरियां बहती हैं, वहां दो दिन से विरोध और आरोपों की गूंज सुनाई देती रही। संगीत नगरी में दो दिनों से माहौल बदला-बदला सा नजर आया जिसका कारण संगीत विवि की नई कुलपति डॉ लवली शर्मा की नियुक्ति है लेकिन इन तमाम विवादों के बीच सोमवार को डॉ. लवली शर्मा ने कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

कार्यभार ग्रहण करने से पहले डॉ. शर्मा सीधे दंतेश्वरी माता मंदिर पहुंचीं। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर अपनी नई जिम्मेदारियों के लिए आशीर्वाद लिया। फिर वे विवि परिसर पहुंचीं और राजा-रानी व राजकुमारी इंदिरा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। यह एक परंपरागत शुरुआत थी। कुछ देर बाद कुलपति डॉ. शर्मा चेहरे ने आत्मविश्वास और स्पष्ट लहजे से अपने ऊपर लगे आरोपों पर एक वाक्य में जवाब दिया कि अगर कोई यह साबित कर दे कि मैंने कहीं दो रुपए का भी भ्रष्टाचार किया है, तो मैं मान लूंगी कि मैं हार गई। उन्होंने साफ कहा कि विवि को फिर से ए ग्रेड दिलाना, रिसर्च के स्तर को ऊंचा उठाना और छात्रों को आत्मविश्वासी बनाना उनकी प्राथमिकता होगी।

## विवि को फिर से दिलाना है 'ए' ग्रेड



### खौल रही थी सियासी साजिशों की आग

संगीत विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन उग्र होता जा रहा था। लगातार दो दिन से जारी विरोध ने रविवार की रात नया मोड़ ले लिया। हंगामा, नारेबाजी और पुलिस बल की तैनाती लेकिन हैरानी की बात ये रही कि इतने बड़े आंदोलन के बावजूद प्रदर्शनकारियों पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। यही बात कांग्रेस को चुभ गई। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा अगर यही प्रदर्शन एनएसयूआई ने किया होता तो अब तक छात्रों पर एफआईआर हो चुकी होती लेकिन अभाविप को सरकार का खुला संरक्षण मिला हुआ है। ये दुहरा मापदंड नहीं तो और क्या है। कुलपति नियुक्ति पर कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेश में कई काबिल और ईमानदार प्रोफेसर हैं, जिन्हें मौका मिलना चाहिए था लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर एक विवादित महिला को कुलपति बनाना राज्य की शिक्षा व्यवस्था और सम्मान के खिलाफ है। हालाकि डॉ. लवली शर्मा ने तमाम विरोधों के बावजूद कुर्सी संभाल ली है। नियुक्ति पर उठते सवाल और अभाविप के आंदोलन ने सरकार को असहज कर दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि सरकार किस दिशा में कदम उठाती है। क्या अभाविप के प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई होगी या कुलपति की नियुक्ति पर पुनर्विचार किया जाएगा। या फिर एबीवीपी का चरणबद्ध आंदोलन खैरागढ़ बंद और छत्तीसगढ़ बंद तक जाएगा ये तो वक्त ही बताएगा लेकिन एक बात तो तय है खैरागढ़ में सुरों की मिठास के बीच सियासत की कड़वाहट घुल चुकी है।

## विवि का हित सर्वोपरि, गलती पर होगी त्वरित कारवाई



इंदिरा कला संगीत विवि की नई कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद कुलपति डॉ लवली शर्मा ने कहा कि संगीत विवि को नैक ग्रेड में मिले सी ग्रेड को ए ग्रेड करना पहली प्राथमिकता होगी। चर्चा में उन्होंने कहा कि वे केवल यहां काम करने आई है अन्य जगहों पर काम करने के बाद संगीत कला के तीर्थ संगीत विवि में कुलपति के रूप में कार्य करना बड़े सम्मान की बात है।

ज्वाइनिंग से पहले परिसर मे विरोध प्रदर्शन को लेकर कहा कि विरोधी षड्यंत्र करते हैं पर मैं सिर्फ अपने काम पर भरोसा करती हूं। काम करना मेरे जुनून में शामिल है और आपको मेरे काम में गुणवत्ता और बेहतरी नजर आएगी। उन्होंने वादा किया और कहा कि संगीत व ललित कला को समर्पित संगीत विवि अब अपनी गरिमा के अनुरूप केवल स्टुडेंट्स के हित को सर्वोपरि मानकर काम करेगा इसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

संगीत विवि में भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के मामले में सीधा रूख रखते डॉ. शर्मा ने कहा कि अब गलत नही होने दिया जाएगा। अच्छे कार्यों पर पूरा प्रोत्साहन मिलेगा। संगीत विवि को उनके रहते ए प्लस ग्रेड मिल सके इसके लिए आज से ही काम शुरू होगा और आने वाले एक साल में सभी को बेहतर परिणाम नजर आने लगेगा।

### रिसर्च को लेकर बनेगा बेहतर वातावरण

कुलपति डॉ. लवली शर्मा ने कहा कि विवि में रिसर्च की क्वालिटी को बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। पिछले पांच साल में भ्रष्टाचार के कई मुद्दे उन तक आए है। ऐसे मामलों की फाइले भी मंगाई गई हैं। जहा गलत हुआ होगा उसकी जांच कराकर ऐसे मामलो में रोक लगाने प्रयास होगा। गलत कार्य बर्दाश्त नही किया जाएगा। विवि के वेबसाइट में समय समय पर अपडेट और भर्ती सहित अन्य प्रक्रिया की जानकारी आसानी से नही मिलने को लेकर कहा कि वेबसाइट सहित अन्य सोशल मीडिया साइड को बेहतर बनाकर मजबूत किया जाएगा। बेहतर जानकारी आसानी से जरूरतमंदो को मिल सके ऐसा सिस्टम काम करेगा। प्रवेश के दौरान छात्रों की कम सीटों और ज्यादा आवेदन आने के सवाल पर डॉ. शर्मा ने कहा कि विभिन्न संकायों में सीट संख्या बढ़ाने प्रयास करेंगे ताकि अधिक से अधिक बच्चे यहा संगीत शिक्षा ग्रहण कर सके।

### सभी जगह नियमों का पालन कराया जाएगा

छात्रावासों के लिए समय सीमा लागू होगी संगीत विवि स्थित छात्रावासो में रहने वाले छात्रों के बाहर निकलने और समय बेसमय घुमने के मामले पर डॉ. शर्मा ने स्पष्ट कहा कि सभी जगह नियमों का पालन कराया जाएगा। ऐसे मामलों में गंभीरता बरती जाएगी ताकि किसी प्रकार की शिकायते नहीं आ पाए। डॉ. शर्मा ने कहा कि संगीत विवि में जिस क्षेत्र में कमजोरी है उसे दूर किया जाएगा। खैरागढ़ महोत्सव को लेकर भी उन्होने इसे बेहतर करने, हर साल आयोजन कर कलाकारो को बेहतर मंच प्रदान करने की बात कहीं। संगीत विवि में कुछ विशेष प्रयोजन करने के सवाल पर कुलपति डॉ. शर्मा ने कहा कि यहां स्टुडेंट्स के मन से डर निकालकर उन्हें मंच पर प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार करना पहली प्राथमिकता है। स्टुडेंट्स प्रायोगिक रूप से बेहद मजबूत हो उनका डर-भय समाप्त हो और उनकी प्रस्तुतियां बरबस सबका ध्यान आकर्षित करें इसी भावना को लेकर वह आगे काम करेंगी। परमात्मा ने उन्हें अच्छा काम करने का मौका दिया है और वह इस काम को पूरी शिद्दत से करेंगी ताकि आने वाले दिनों में संगीत विवि फलित फूलित हो। छात्राओं के साथ यौन उत्पीडन जैसे गंभीर मसले पर कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा और शिकायत मिलने पर इस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कान्फ्लुएंस कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर संजय अग्रवाल व अतिथि के रूप में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन एवं संजय अग्रवाल शामिल हुए।

स्वागत भाषण देते प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने विभिन्न विभागों और समितियों द्वारा प्राप्त उपलब्धियां का वितरण विद्यार्थियों के प्रतिभाओं को निखारने एवं समृद्ध करने वाली गतिविधियों को आयोजित करने की पहल जारी रखने के लिए विभागों को प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि महाविद्यालय के विभिन्न जनजागरूकता अभियान, टूर्नामेंट, प्रतियोगिताएं, कार्यशाला, सम्मेलनों, सेमिनारों, शैक्षणिक गतिविधि, सांस्कृतिक गतिविधि और खेल क्षेत्र की उत्कृष्टता को प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान कॉलेज की ओर से मेडल, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया गया। साथ ही कॉलेज की बीसी, बी.कॉम, पीजीडीसीए एवं बी.एड के छात्रों को एकेडमिक उपलब्धियों पर सम्मानित किया गया।

### प्रयास सभी को करते रहना है, सफलता निश्चित मिलेगी

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि सकारात्मक सोच सकारात्मक परिणाम देता है। आप जिस भी क्षेत्र में रहे पूरी तन्मयता, लगन और ईमानदारी से पूर्ण करने का प्रयास किया जाना चाहिए। वार्षिक पुरस्कार वितरण छात्रों की उपलब्धियां को पहचान और उनके प्रतिभा को निखारने के लिए है। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन एवं संजय अग्रवाल ने कहा कि छात्रों के माध्यम से साहस और प्रतिभाओं का नतीजा है कि यह पुरस्कार उन्हें प्राप्त हो रहा है, क्योंकि कुछ लोगों को यह पुरस्कार प्राप्त होगा, कुछ निराश होंगे, लेकिन प्रयास सभी को करते रहना है, सफलता निश्चित ही मिलेगी।

# 2 साल की सजा व एक लाख जुर्माना का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान 10 मार्च 2024 से संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा जिले स्तर एवं विकासखंड स्तर तथा ग्राम स्तर पर निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समाज प्रमुखों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरूप्रीत कौर, जिले के विभिन्न समाज के समाज प्रमुख एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर अग्रवाल ने लोगों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए संकल्प दिलाया।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालकों की शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं होने के कारण उनके जीवन में बाधाएं उत्पन्न होती है और शिक्षा अवरूद्ध होने से उनका पूरा कैरियर प्रभावित हो जाता है, इसलिए शासन द्वारा बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लाया गया है। जिसके तहत जिले के किसी भी ग्राम में बाल विवाह न हो, इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी की आवश्यकता है, ताकि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। सामाजिक कुरीतियों के प्रति समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर पहले समाज एवं ग्राम स्तर पर रोका जाए। बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने पर चाईल्ड हेल्प लाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181 तथा 112 में अवश्य सूचना दे सकते हैं, ताकि बाल विवाह को समय पर रोका जा सके।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि कम उम्र में शादी होने से बच्चे कुपोषण के शिकार हो जाते है तथा अनेक बार प्रसव के दौरान शिशु मृत्यु एवं मातृ मृत्यु के खतरे बढ़ जाते है। जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरप्रीत कौर द्वारा समाज के पदाधिकारियों से अपील की गई कि अपने समाज में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम की चर्चा हो एवं बाल विवाह नहीं करने का शपथ दिलाया जाए, जहां कहीं किसी ग्राम या समाज के लोगों को इस विषय पर जानकारी देने की आवश्यकता हो, तो विभाग को अवश्य बताएं, ताकि विभाग की टीम भेजकर लोगों को जागरूक करने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों एवं प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

कार्यशाला के अंत में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी एनएस रावटे द्वारा उपस्थित समाज प्रमुखों एवं वैवाहिक अनुष्ठानकर्ताओं तथा प्रशिक्षकों का आभार प्रकट किया गया। कार्यशाला को सुगम बनाने में संरक्षण अधिकारी विनोद जंघेल एवं किशन देवांगन व स्मिता उके परीवीक्षा अधिकारी तथा जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त कर्मचारियों की प्रमुख भागीदारी रही।




### बाल विवाह को ग्राम स्तर पर रोकना आसान होगा

प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक व भूतपूर्व सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रायपुर शरद श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम उम्र में लड़कियों तथा 21 वर्ष से कम उम्र में लड़कों के विवाह बाल विवाह है। कम उम्र में बाल विवाह करने व कराने वाले, वैवाहिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले, नाचने-गाने-बजाने वाले, वैवाहिक अनुष्ठानकर्ताओं एवं बैंड पार्टियों तथा टेंट वालों इत्यादि को 2 वर्ष सजा एवं 1 लाख की जुर्माने से दंडित किए जाने का प्रावधान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत प्रावधानित किया गया है। बाल विवाह की रोकथाम हेतु पूर्व में जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा परियोजना अधिकारी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किए गए हैं। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर महिला एवं बाल विकास विभाग के सर्व पर्यवेक्षकों तथा ग्राम पंचायत सचिव को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। अब बाल विवाह को ग्राम स्तर पर ही रोका जाना सुगम होगा। बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का सहयोग प्राप्त कर किसी भी ग्राम या समाज में बाल विवाह नहीं हो, ऐसी संकल्पना से प्रयास किया जाना आवश्यक है।

### बस स्टैंड के आंबेडकर चौक में जयंती का आयोजन

# डॉ. आंबेडकर महान चिंतक, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ थे : विक्रांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नए बस स्टैंड के अंबेडकर चौक में आयोजित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह मे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण किया। इसके बाद पूर्व विधायक कोमल जंघेल सहित अन्य भाजपा नेताओं ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि बाबा साहब भारत के संविधान निर्माता होने के साथ महान चिंतक, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ, बहुभाषी वक्ता थे। यह दिन न केवल उनके जीवन और संघर्षो को याद करने का मौका है, बल्कि न्याय, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए भी ज्यादा जरूरी हो जाता है।



### शिक्षा के क्षेत्र में थे प्रतिभाशाली

श्री सिंह ने कहा कि डॉ अंबेडकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहद प्रतिभाशाली थे। उन्होंने बाम्बे यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया और स्कालरशिप की मदद से अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से एमए और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद वे इंग्लैंड गए और वहाँ से बैरिस्टर की डिग्री प्राप्त की। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि आज जब हम अंबेडकर जयंती को मना रहे हैं, तो हमें इस बात का संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय की स्थापना करें, शिक्षा को सबके लिए सुलभ बनाएंऔर भारत को एक सशक्त, समान और समावेशी राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर सभी उपस्थितजनों ने डा अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, टीके चन्देल, ललित चोपड़ा, दिनेश वर्मा, गिरजा चंद्राकर, आयश सिंह बोनी, नीलिमा गोस्वामी, शशांक ताम्रकार, मंजीत सिंह, विनय देवांगन, खुमान देशलहरे, देविन बाई कोठले, अयूब सोलंकी, महेश गिरी गोस्वामी सहित भाजपाई उपस्थित थे।

# निगम आयुक्त सफाई देखने सुबह पहुंचे ममता नगर कालोनी व गोल बाजार क्षेत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साफ सफाई का जायजा लेने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सुबह वार्ड विजिट कर रहे है। अलग अलग क्षेत्रों में जाकर रोज सफाई देख साफ-सफाई में जोर देने सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करने के साथ साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने तथा नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ने स्वास्थ्य अमला को निर्देश दे रहे है। आज उनके द्वारा ममता नगर कालोनी व उद्यान का निरीक्षण कर साफ सफाई रखने के अलावा गोल बाजार मे सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा बाजार में निर्माणाधीन आधुनिक शौचालय निर्माण कार्य मे तेजी लाने उप अभियंता पिंकी खाती को निर्देशित किये।

आयुक्त विश्वकर्मा आज सुबह ममता नगर क्षेत्र में साफ सफाई निरीक्षण की कडी में कालोनी, गली, मोहल्ले में घुम प्रतिदिन कचरा उठाने निर्देश देने के अलावा रहवासियो को भी कचरा नाली या सड़क में नही फेकने समझाईस दिये।

उन्होंने ममता नगर उद्यान में घर का गंदा पानी आते देख उसे तत्काल रोकने कहा, वही गंदगी नही करने समझाईस दी। साथ ही उद्यान में साफ सफाई रखने कहा। गली नं. 5 में टॉवर लगे देख अनुमति की जॉच करने कहा। उन्होंने वार्ड प्रभारी से कहा कि सफाई के अलावा अतिक्रमण करने या मटेरियल रखने वालों को समझाईस देवे अपालन पर कार्यवाही करे।

### विशेष ध्यान रखें

गोल बाजार में साफ सफाई देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने रात्रिकालीन सफाई की जानकारी लेकर स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि चुकि बाजार भीड भाड वाला इलाका है, जिसे ध्यान मे रखकर यहा सफाई में जोर दिया जाए, फल सब्जी विक्रताओं को कचरा गाडी में डालने तथा झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने समझाईस दे। उन्होंने गोल बाजार में निर्माणाधीन अत्याधुनिक शौचालय देख उप अभियंता से कहा कि निर्माण में तेजी लावे और गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करावे, ताकि लोगो को इसका लाभ मिल सके। उन्होने पानी तराई का विशेष ध्यान रखने कहा।

**खबर संक्षेप**

## गांव-चलो अभियान में शामिल हुए दीपक धुर्वे




**हरिभूमि कुण्डा।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार भाजपा के 46वीं स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गांव-चलो अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं के साथ गांव चलो अभियान के प्रभारी व वक्त दीपक धुर्वे सभापति जिला पंचायत, बालमकुंद चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा मंडल कुण्डा, नरेंद्र निर्मलकर सरपंच खम्हरिया मुख्य रूप से उपस्थित थें। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की विचारधारा व भाजपा सरकार के विभिन्न योजनाओं को लेकर सभी कार्यकर्ताओं ने साथ मिलकर गांव में रैली के माध्यम से जन-जन तक संपर्क कर मेल-मुलाकात कर लोगों को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों के घर जाकर मुलाकात की और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री भाजपा की सरकार के सभी ने प्रशंसा किया निश्चित रूप से भाजपा की सरकार अंतिम से अंतिम व्यक्ति की चिंता करती है और योजनाओं को एक-एक व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करती है। इस दौरान दीपक पप्पू धुर्वे, बालमुकुंद चंद्रवंशी, सुमन गुप्ता, कुंवरिया बाई चंद्राकर, पुरषोत्तम निर्मलकर,नरेंद्र निर्मलकर, डॉ राधेलाल निर्मलकर, कुमार रजक, दलहरण मनहर, डॉ भरतलाल निर्मलकर, तोखन निषाद, रामकुमार निर्मलकर, संगीता निर्मलकर, जितेंद्र रजक, प्रियंका निर्मलकर, देवदास निर्मलकर तथा भाजपा के कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

**निधन**

### भानू चौहान

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा निवासी भानु चौहान आबकारी सब इंस्पेक्टर कवर्धा का सोमवार को निधन हो गया। स्व. भानु चौहान काफी दिनों से अस्वस्थ्य थें, उनकी अंतिम संस्कार मंगलवार को कांशी जी मे अंतष्ठी सम्पन किया गया। स्व. श्री चौहान अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ चले गए। उनके निधन से चौहान परिवार में भारी शोक व्याप्त है।



### जिलेभर में मनाया गया अंबेडकर जयंती, गांव-गांव में निकली शोभायात्रा

# संविधानवेत्ता को लोगों ने किया श्रद्धा के साथ नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में रासेयो, राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में अंबेडकर जयंती मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ एके धमगाए ने जयंती के मौके पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत का संविधान दुनिया में सबसे बड़ा है जिसका मसौदा डॉ. अंबेडकर ने तैयार किया था। इस मौके पर डॉ सीके साहू, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशाराम साहू, बालिका कार्यक्रम अधिकारी प्रियंकी गजभिए ने बाबा साहेब आंबेडकर ने जीवन, उपलब्धियों और योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान संविधान पर क्विज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में अम्बेडकर मूर्ति के समक्ष संविधान की शपथ लिया गया। संचालन नंदकुमार साहू ने किया। इस मौके पर संध्या मेश्राम, रोशन पटेल आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

**सोमनी।** ग्राम पंचायत सोमनी में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती उल्लास से मनाया गया। शुरुआत में भगवान बुद्ध एवं डां. अंबेडकर के चित्र पर तिलक लगाकर पूजा -अर्चना किया गया। इस अवसर पर नीलिमा शिवा साहू ने ग्रामीणों और सामाजिक जनों को बधाई देते हुए डॉ अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विजय राजपूत, प्रताप




सिंह मैथिलक्षत्रिय, जितेन्द्र बंजारे, भुवन खंडेलवाल, संतोष यादव, केशरीबाई, नंदा वर्मा, सरोज पटेल, नरोत्तम बंजारे, महेश्वरी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी जितेन्द्र बंजारे ने दी।

**डोंगरगढ़।** बागरेकसा में बौद्ध समाज ने धूमधाम से भारत रत्न डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत की सभापति अनिता मंडावी थी।अध्यक्षता पवन नंदेश्वर ने किया। विशिष्ट अतिथि थनवार मंडावी, गिरधारी, गोदावरी निषाद, उपकार सिंह ठाकुर, दिलीप नंदेश्वर, अरविंद नंदेश्वर थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने बताया कि बाबा साहब के प्रयास से समानता का अधिकार, महिलाओं को अधिकार, अनुसूचित जाति जनजाति को आरक्षण की सुविधा मिली है। उन्होंने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष के बारे में भी विस्तार से बताया।

**मोहला।** डॉ अंबेडकर जयंती के अवसर पर अंबागढ़चौकी के महिला जीविका केंद्र में सामाजिक समरसता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी कृति को स्मरण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब के कृतित्व का बखान किया। इस अवसर पर संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। ग्राम पंचायत में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र हेतु सरपंच एवं सीएससी के सर्विस प्रदाता के माध्यम से एमओयू किया गया। आगामी 24 अप्रैल को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गैंदकुंवर ठाकुर, सुशीला भंडारी, जयंत ठाकुर, योगेन्द्र सिगने, गमिता लोन्हारे, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, डीएफओ दिनेश पटेल, सीईओ जिला पंचायत भारती चंद्राकर, एसडीएम हेमेंद्र भूआर्य, अपर पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

**अर्जुनी।** नवीन महाविधालय में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में संविधान वेत्ता डां. आम्बेडकर की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पित किया गया। स्वागत के बाद प्राचार्य डां. ठाकुर ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, योगदान, संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान छात्रा वेनुका, तन्नू एवं मोनिका ने डॉ. अम्बेडकर के महत्वपूर्ण कार्यों का जिक्र किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सहारे ने डॉ. अंबेडकर के संधर्षमय जीवन, जन कल्याण के लिए उठाए कदम आदि की जानकारी दी। अंतिम कड़ी में मुख्य वक्ता कन्हैयालाल खोब्रागढ़े ने जीवन इतिहास पर बात रखा।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल की व्याख्याता सुभद्रा शाही सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जय जोहार साहित्य एवं संस्कृति संस्थान एवं वैभव प्रकाशन रायपुर के संयुक्त तत्वधान में नारी सशक्तिकरण के अवसर पर श्रीमती कौशल्या देवी साय प्रसिद्ध नेत्री तथा समाज सेविका धर्मपत्नी विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य आतिथ्य में रायपुर में 14 अप्रैल को आयोजित गरिमामय समारोह में अपनी साहित्यिक उपलब्धि एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की महान महिला विभूतियों के जीवन व कृतित्व पर आधारित कोसलपुत्री भाग-1 और भाग-2 पुस्तकों का विमोचन किया गया। छत्तीसगढ़ की छत्तीस महिला साहित्यकारों के द्वारा लिखित पुस्तक छत्तीसगढ़ कहानीगढ़ का भी विमोचन हुआ। इन तीनों पुस्तकों में श्रीमती सुभद्रा शाही की रचनाएं सम्मिलित हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की छत्तीस महिला साहित्यकारों का सम्मान किया गया, समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने की।

विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव अभिलाषा बेहार थीं। इस अवसर पर पद्मश्री शमशाद बेगम, पद्मश्री उषा बारले सहित छत्तीसगढ़ की विशिष्ट नारी शक्तियों का भी सम्मान किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पधारीं महिला साहित्यकारों के अलावा साहित्य सुधीजन उपस्थित थे। श्रीमती शाही की इस उपलब्धि पर साहित्यिक समाज में हर्ष व्याप्त है। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# वन परिक्षेत्र रेंगाखार में अवैध काष्ठ रेत खनन व परिवहन में प्रभावी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वनमंडलाधिकारी कवर्धा वनमंडल कवर्धा के सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रात्रि 09 बजे वन परिक्षेत्र रेंगाखार कक्ष क्रमांक पीएफ 360 परिषर धामिनडीह में ईश्वर सिंह पिता बैशाखू सिंह जाति गोंड़ द्वारा अवैध रूप से ईमारती काष्ठ परिवहन करते पाए जाने पर साजा काष्ठ 01 नग 0.580 घन मीटर मूल्य 8675 रूपए एवं वाहन ट्रैक्टर शोल्ड अनुमानित मूल्य 07 लाख रूपए जप्त किया गया। वहीं 12 अप्रैल शनिवार को सुबह 06.18 बजे वन परिक्षेत्र में रेंगाखार कक्ष.क्र. 366 पीएफ परिषर रामपुर में रवि खुसरे (वाहन चालक) पिता मंगलू खुसरे जाति गोड़ निवासी रामपुर तहसील रेंगाखार द्वारा अवैध रूप से रेत-खनन-परिवहन करने के उद्देश्य से पाए जाने पर खड़े वाहन को पकड़ा गया तथा कार्यवाही करते हुए एक नग वाहन पॉवरट्रेक यूरो 45 प्लस ट्रैक्टर-ट्राली जप्त किया गया। वहीं अन्य घटना शनिवार को सुबह 06.50 बजे वन परिक्षेत्र में रेंगाखार कक्ष.क्र. 366 पीएफ परिषर रामपुर में विदेशी मेरावी (वाहन चालक) वल्द सवनू सिंह मेरावी जाति गोड़ निवासी रामपुर तहसील रेंगाखार द्वारा अवैध रूप से रेत खनन-परिवहन करते हुए सामग्री एवं वाहन जप्त कर कार्यवाही करते हुए 1.48 घन मीटर तथा एक नग वाहन ट्रैक्टर ट्राली जप्त किया गया।

वनमंडलाधिकारी कवर्धा शशि कुमार के निर्देशन एवं सुमेध संजय सुरवाडे प्रशिक्षु, मुकेश धरते सर्किल फारेस्ट अधिकारी, छबिलाल बघेल, रूपक अमृत, बीट फारेस्ट अधिकारी उत्तम मरकाम सुरक्षा श्रमिक की टीम के द्वारा (1) भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (i) क, 41 (2) ख के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20778/04 शुक्रवार को (2) भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18073/11 शानिवार (3) भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (i) ख एवं 41(2) ख के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18073/12 पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

# गन्ना फसल का भुगतान नहीं मिलने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया के अंतर्गत संचालित सरदार वल्लभ पटेल शक्कर कारखाना में ग्रामीण किसानों की गन्ना फसल की भुगतान नही होने से ग्रामीण चिंतित व परेशान है। प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुना करने पर जोर दे रही है वहीं गन्ना किसानों की परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ग्रामीण किसान अपनी गन्ना फसल के पैसों के लिए मोहताज बना हुआ है। लेकिन किसानों की समस्याओं पर मरहम लगाने वाला कोई नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गन्ना पेराई सत्र से लेकर ग्रामीण किसान पर्चियों की समस्या से जूझ रहा था, लेकिन अब गन्ना फसल भुगतान की समस्या से जूझ रहे है।



ग्रामीण किसानों ने कहा कि फसल बुआई के लिए डीजल से लेकर खाद दवाई हर चीज नगद मिलती है। मजदूरों को मजदूरी तक नगद देनी पड़ती है, वहीं गन्ना फसल की भुगतान समय से न मिलने से किसान परेशान व चिंतित हैं। किसानों को गन्ना फसल का भुगतान सही समय से न मिलने से समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि शादी-ब्याह के लिए साहूकार से उचित ब्याज तथा अपनी जमीन भी गिरवी तक रखनी पड़ जाती है। अगर किसानों को गन्ने की फसल का भुगतान समय से मिल जाए तो किसान को आर्थिक समस्याओं से निजात मिल सकती है। ग्रामीणो किसानों ने बताया कि सरकार ने चुनावी वादे में 14 दिन में गन्ना किसानों को गन्ने का भुगतान दिए जाने का वादा किया था, लेकिन गन्ना किसानों के लिए इस वादे पर सरकार खरा नहीं उतर पाई। आज किसान अपने ही गन्ने की फसल के पैसे के लिए इधर-उधर भटकने मजबूर है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द गन्ना फसल की भुगतान की मांग की गई।

## पीएम आवास योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए कृष्णा चंद्राकर सम्मानित



**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत महामंत्री भाजपा मण्डल कुण्डा कृष्णा चंद्राकर को जिले के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को संविधान के शिल्पकार भारत के प्रथम गृहमंत्री भारत रत्न बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला पंचायत सदन में अंबेडकर जयंती एवं सामाजिक समरसत्ता दिवस कार्यक्रम का आयोजन विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा, अध्यक्ष जिला पंचायत ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, सभापति दीपक धुर्वे, पूर्णिमा साहू, वीरेंद्र साहू एवं समस्त सदस्य व कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम के गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ। जिसमें नवापारा-पेंड्रीकला निवासी महामंत्री भाजपा मण्डल कुण्डा कृष्णा चंद्राकर को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्राम अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य हेतु विधायक श्रीमती भावना बोहरा के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिससे ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।


# सीनियर सिटीजन समिति ने मनाई बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सीनियर सिटीजन समिति नें भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्व प्रथम प्रदेश संयोजक एसएस जैन ने अंबेडकर की तैलचित्र पर गुलाल लगाकर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात अध्यक्ष मदन तंबोली, सचिव चंद्रहास ठाकुर, कोषाध्यक्ष बीपी सोनी सहित सभी सदस्यों ने अंबेडकर के तैल चित्र पर तिलक लगाकर नमन किया। वहीं डॉ अंबेडकर की जीवनी एवं कृतित्व पर राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक आदित्य श्रीवास्तव ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए बचपन से उन्हें कुशाग्र बुद्धि और संघर्षशील बताया उनकी शिक्षा में आने वाली कठिनाइयों को बताया तथा संविधान निर्माण में उनकी प्रमुख भूमिका प्रारूप समिति अध्यक्ष के रूप में अविस्मरणीय योगदान व राष्ट्रहित में उत्कृष्ट संविधान बनाने की बात कही। भारत सरकार ने उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया वे सच्चे अर्थों में भारत रत्न थे। सामाजिक समरसत्ता के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। राज्यपाल पुरस्कृत पंकज सिंह ठाकुर ने संविधान की प्रस्तावना को महत्वपूर्ण बताया।

## बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, संकल्प और समर्पण की मिसालः वीरेन्द्र साहू



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रदेश भाजपा के आव्हान पर 14 अप्रैल को जिले के भाजपा पिपरिया मण्डल द्वारा बाबा साहब भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जयंती पर ग्राम बिरकोना के बाजार चौक पर समरसत्ता दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत के सभापति व जिला भाजपा उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता भारत रत्न भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात वीरेन्द्र साहू ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब यहां एक महान व्यक्तित्व, भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह केवल एक स्मरण का दिन नहीं, बल्कि उन विचारों को आत्मसात करने का दिन है, जिनके लिए बाबा साहेब ने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, संकल्प और समर्पण की मिशाल है। उन्होंने न सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया, बल्कि सामाजिक समानत्ता और न्याय के लिए भी अडिग संघर्ष किया। उनका सपना था एक ऐसा भारत जहां जाति, धर्म, लिंग या वर्ग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव न हो। समरसता, यानी समाज में सभी के साथ समान व्यवहार, यही बाबा साहेब का मूल संदेश था। उन्होंने हमेशा कहा कि समाज तब तक प्रगति नहीं कर सकता जब तक उसमें समता नहीं है। उन्होंने हमें संविधान के माध्यम से समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश दिया। श्री साहू ने कहा कि आज जब हम बाबा साहेब की जयंती मना रहे हैं, तो हमें खुद से यह सवाल पूछना चाहिए क्या हम वास्तव में उनके बताए रास्ते पर चल रहे हैं? क्या हम समाज में समरसत्ता को बढ़ावा दे रहे हैं? या फिर हम अभी भी जातिवाद, भेदभाव और असमानता को अपने भीतर जीवित रखे हुए हैं? उन्होने कहा कि समरसता केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक कार्य है। यह तब संभव है जब हम सभी को समान सम्मान दें, शिक्षा और अवसरों में बराबरी सुनिश्चित करें, और सबसे महत्वपूर्ण, अपने विचारों से भेदभाव को मिटाएं। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष सुनील साहू, मण्डल प्रभारी खेमराज साहू, लक्ष्मण कौशिक, छोटूराम सिन्हा, अजय चंद्रवंशी, तामेश्वर साहू, लक्ष्मण साहू, सूखचैन चंद्रवंशी, श्याम चंद्रवंशी, उरेन्द्र साहू, कुमार धुर्वे, माधव जायसवाल, जगतू चंद्रवंशी, नंद चंद्रवंशी सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पद्मश्री अनुज शर्मा और आरूग बैंड की प्रस्तुति में झूमे ग्रामीण जन

# भजन संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुई भावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रणवीरपुर

सोमवार को ग्राम रणवीरपुर में मां शीतला माता प्राचीन मूर्ति के नूतन मंदिर प्रतिस्थापना के अवसर पर पद्मश्री अनुज शर्मा एवं आरूग बैंड द्वारा भव्य भजन संध्या के आयोजन में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई और ग्रामवासियों के साथ भजन संध्या में मातारानी के भक्तिमय गीतों का रसपान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और श्रद्धालुगण ने भजन संध्या में सहभागिता निभाई और मां शीतला के नूतन मंदिर में दर्शन भी किए। साथ ही साथ ग्राम सेमरहा के बच्चों ने भी मंदिर में दर्शन कर भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक भक्ति गीत की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने भी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित कर बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि माता रानी की भक्ति से ओत-प्रोत, श्रद्धा और ऊर्जा से परिपूर्ण इस संध्या ने सम्पूर्ण वातावरण को दिव्यता से आलोकित कर दिया। भाव-विभोर कर देने वाले भजनों ने मन को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई। इस अवसर पर उन्होंने मां शीतला के चरणों में नमन करते हुए जन-कल्याण और छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि भजन संध्या एक आध्यात्मिक आयोजन है जिसमें भक्ति भजनों और गीतों के माध्यम से ईश्वर की भक्ति की जाती है। ऐसे आयोजन आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह आध्यात्मिक उन्नति का आधार है, भजन संध्या में भक्ति भजनों और कीर्तन के माध्यम से व्यक्ति ईश्वर के साथ गहरा संबंध स्थापित करता है। यह मन को शांति प्रदान करता है और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाता है। उन्होंने आगे कहा कि भक्ति भजन हमें मानसिक शांति प्रदान करता है, भजनों की मधुर धुनें और भक्ति भाव तनाव को कम करते हैं। यह ध्यान और एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है वहीं यह सामाजिक एकता का भी प्रतीक है जिसमें लोग एक साथ आते हैं, जिससे समुदाय में एकता और भाईचारा बढ़ता है। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं भक्तगण उपस्थित थें।



# तीन दिनों में सभी आवेदन पोर्टल पर होंगे अपलोड, संबंधित विभागों को भेजे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला कार्यालय में मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी आवेदनों को तीन दिनों के भीतर पोर्टल पर अपलोड किया जाए और तदुपरांत शीघ्र संबंधित विभागों को प्रेषित किया जाए, ताकि उनका समयबद्ध, ठोस एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यदि अपलोडिंग प्रक्रिया में तकनीकी अड़चन आती है, तो विभागों के तकनीकी कर्मचारियों को विशेष रूप से इस कार्य के लिए संलग्न किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में जिले की सभी पंचायतों, नगरीय निकायों और विभिन्न विभागों से कुल 88 हजार 324 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 82 हजार 926 आवेदन ग्रामीण क्षेत्रों से तथा 5 हजार 398 आवेदन नगरीय निकायों से प्राप्त हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक आवेदन पंडरिया विकासखंड से 26,102, बोड़ला से 23,795, कवर्धा से 21,503 तथा सहसपुर लोहारा से 11,526 प्राप्त हुए हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों में पंडरिया से 2,433, पांडातराई से 906, बोड़ला से 787, कवर्धा से 594, सहसपुर लोहारा से 335, इंदौरी से 261 और पिपरिया से 82 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, डॉ. मोनिका कौड़ो, विनय पोयाम, बोड़ला एसडीएम सुश्री रूचि शार्दुल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती गीता रायस्त सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



### सभी आवेदनों का एक माह में किया जाना है निराकरण

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने स्पष्ट किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण एक माह के भीतर किया जाना है। इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन की गंभीरता से जांच की जाए और उसकी प्रकृति के अनुसार शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मांग आधारित आवेदनों पर बजट की उपलब्धता के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी और निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा जिला एवं राज्य स्तर पर की जाएगी। सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर की जा रही कार्रवाई की सतत मॉनिटरिंग करें, ताकि कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी बताया कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण में स्कैन किए गए आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजा जाएगा तथा उनका निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डॉ.रमेश चन्द्रवंशी अवार्ड से किए गए सम्मानित



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को भारत सरकार के नेशनल इंस्टीट्यूट फ़ॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (नीति आयोग) और संयुक्त राष्ट्र वैश्विक बाजार से पंजीकृत संस्थान वर्ल्ड अगेंस्ट करप्शन पीपल कॉउन्सिल, पुणे, महाराष्ट्र द्वारा प्रतिष्ठित भारत रत्न डॉ. बीआर अम्बेडकर इंटरनेशनल अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। डॉ. चन्द्रवंशी को यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यों और समाज में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार उनकी शिक्षा, सामाजिक सेवा और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके प्रयासों को मान्यता देता है। डॉ. चन्द्रवंशी पहले भी विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं, जिनमें वर्ल्ड रिकॉर्ड भी शामिल है। यह नवीनतम सम्मान उनकी उपलब्धियों की सूची में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह उनके समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह पुरस्कार न केवल डॉ. चन्द्रवंशी के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षकों, परिजनों, मित्रों व संघ पदाधिकारियों ने बधाई दिया है।

### अहिरवार समाज ने मनाई आंबेडकर जयंती

**बोड़ला।** गुरु कृपा युवा कल्याण समिति के तत्वावधान में नगर पंचायत बोड़ला के भारत भवन में आयोजित कैरियर गाइडेंस के साथ संविधान के शिल्पकार भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती के मौके पर समाज के विभिन्न बच्चों के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर आधारित प्रस्तुति दी गई। समिति के अध्यक्ष पूनाराम पनागर ने बताया कि आगामी 20 अप्रैल से समिति के द्वारा सर्व समाज के बच्चों के लिए 6 वीं से 10 वीं तक निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गणित के बेसिक सूत्र - सिद्धांत की तैयारी कराई जाएगी।

# 2 साल की सजा और एक लाख जुर्माना का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान 10 मार्च 2024 से संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा जिले स्तर एवं विकासखंड स्तर तथा ग्राम स्तर पर निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समाज प्रमुखों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरूप्रीत कौर, जिले के विभिन्न समाज के समाज प्रमुख एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर अग्रवाल ने लोगों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए संकल्प दिलाया।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालकों की शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं होने के कारण उनके जीवन में बाधाएं उत्पन्न होती है और शिक्षा अवरूद्ध होने से उनका पूरा कैरियर प्रभावित हो जाता है, इसलिए शासन द्वारा बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लाया गया है। जिसके तहत जिले के किसी भी ग्राम में बाल विवाह न हो, इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी की आवश्यकता है, ताकि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। सामाजिक कुरीतियों के प्रति समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर पहले समाज एवं ग्राम स्तर पर रोका जाए। बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने पर चाईल्ड हेल्प लाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181 तथा 112 में अवश्य सूचना दे सकते हैं, ताकि बाल विवाह को समय पर रोका जा सके।




### बाल विवाह को ग्राम स्तर पर रोकना आसान होगा

प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक व भूतपूर्व सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रायपुर शरद श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि 18 वर्ष से कम उम्र में लड़कियों तथा 21 वर्ष से कम उम्र में लड़कों के विवाह बाल विवाह है। कम उम्र में बाल विवाह करने व कराने वाले, वैवाहिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले, नाचने-गाने-बजाने वाले, वैवाहिक अनुष्ठानकर्ताओं एवं बैंड पार्टियों तथा टेंट वालों इत्यादि को 2 वर्ष सजा एवं 1 लाख की जुर्माने से दंडित किए जाने का प्रावधान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत प्रावधानित किया गया है। बाल विवाह की रोकथाम हेतु पूर्व में जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा परियोजना अधिकारी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किए गए हैं। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर महिला एवं बाल विकास विभाग के सर्व पर्यवेक्षकों तथा ग्राम पंचायत सचिव को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। अब बाल विवाह को ग्राम स्तर पर ही रोका जाना सुगम होगा। बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का सहयोग प्राप्त कर किसी भी ग्राम या समाज में बाल विवाह नहीं हो, ऐसी संकल्पना से प्रयास किया जाना आवश्यक है।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि कम उम्र में शादी होने से बच्चे कुपोषण के शिकार हो जाते है तथा अनेक बार प्रसव के दौरान शिशु मृत्यु एवं मातृ मृत्यु के खतरे बढ़ जाते है। जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरप्रीत कौर द्वारा समाज के पदाधिकारियों से अपील की गई कि अपने समाज में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम की चर्चा हो एवं बाल विवाह नहीं करने का शपथ दिलाया जाए, जहां कहीं किसी ग्राम या समाज के लोगों को इस विषय पर जानकारी देने की आवश्यकता हो, तो विभाग को अवश्य बताएं, ताकि विभाग की टीम भेजकर लोगों को जागरूक करने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों एवं प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

कार्यशाला के अंत में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी एनएस रावटे द्वारा उपस्थित समाज प्रमुखों एवं वैवाहिक अनुष्ठानकर्ताओं तथा प्रशिक्षकों का आभार प्रकट किया गया। कार्यशाला को सुगम बनाने में संरक्षण अधिकारी विनोद जंघेल एवं किशन देवांगन व स्मिता उके परीवीक्षा अधिकारी तथा जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त कर्मचारियों की प्रमुख भागीदारी रही।

# पॉवर कट से ग्रामीण उपभोक्ता परेशान

## नहीं मिल पा रही सुचारू रूप से बिजली

- छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की विद्युत व्यवस्था चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

इन दिनो अंचल में पड़ रही भीषण गर्मी और उस पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल तथा चरमराई व्यवस्था के बीच बिजली का आंख मिचौली उपभोक्ताओं का पारा गर्म कर रही है। बताया जाता है कि विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर, रूसे, भगतपुर, धनेली, बसनी, घोरपेंड्री, मोहतरा कला, कंझेटा, अमलीमालगी, कुआंमालगी, भटरूसे, पथरी, सोमनापुर, मोतेसरा सहित ऐसे कई गांव हैं जहां के उपभोक्ताओं को 24 घंटों में कुछ घंटे ही बिजली आपूर्ति हो पा रही है, बाकी समय उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में बगैर बिजली के ही गुजारा करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों को न सिर्फ भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि उनके कई घरेलू और व्यवसायिक तथा खेती किसानी के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की कामचलाऊ विद्युत व्यवस्था का आलम ये है कि दिन में कई-कई बार पॉवर कट हो रहा है। जरा सी हवा चली नहीं की बिजली गुल हो जाती है। समस्या ये है कि इस तरह के पॉवर कट के बाद बिजली कब वापस आएगी इसका कोई ठिकाना नहीं रहता। वहीं लाईन मैन तथा विद्युत कार्यालय से संपर्क करने पर एक तो फोन उठाया नहीं जाता और उठाया भी जाता है तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। वहीं अगर रात के समय पॉवर कट हो गया तो फिर भगवान ही मालिक है।



ग्रामीणों ने बताया विद्युत विभाग की इस खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के साथ मच्छरों के आतंक से लोग हलाकान और परेशान हो रहे हैं। इसके अलावा बिजली के आभाव में पेयजल व्यवस्था, इन दिनो गांव-गांव में हो रहे शादी विवाह के कार्यक्रम तथा लोगों के विद्युत से जुड़े रोजी रोजगार के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं विद्युत व्यवस्था के चौपट होने से क्षेत्र के किसान भी अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने शासन, प्रशासन तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी से विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

# डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब को मिले 7 अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

लायंस इंटरनेशनल के सत्र 2024-25 की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में नगर केलायंस क्लब को 7 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। यह कॉन्फ्रेंस जबलपुर के होटल रॉयल ऑर्बिट में 12-13 अप्रैल को संपन्न हुई थी। जिसमें थ्री स्टार क्लब, लायंस क्लब कवर्धा, थ्री स्टार अध्यक्ष एमजेएफ लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, थ्री स्टार माइक्रो चेयरपर्सन लायन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, थ्री स्टार माइक्रो चेयरपर्सन लायन नीरज मनजीत छाबड़ा, थ्री स्टार जोन चेयरपर्सन लायन सुशीला श्रीश्रीमाल, स्टार सचिव लायन हरीश गांधी एवं स्टार कोषाध्यक्ष लायन रामेश्वर गुप्ता शामिल हुए। ज्ञात हो कि लायनिस्टिक सत्र की अंतिम डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में हर क्लब के वर्ष भर के सेवाकार्यों का मूल्यांकन करते हुए अवार्ड दिए जाते हैं। डिस्ट्रिक्ट में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के आधे हिस्से को मिलाकर कुल 128 क्लब आते हैं। सेवा गतिविधियों और लायनवाद के विचारों को धरातल पर उतारने की दृष्टि से नगर के क्लब को डिस्ट्रिक्ट के 10 सर्वश्रेष्ठ क्लब्स में गिना जाता है। इस वर्ष कॉन्फ्रेंस में लायन प्रेमचंद-सुशीला श्रीश्रीमाल, नीरज मंजीत-महेन्दर छाबड़ा, आनंद-संध्या दानी, हरीश गांधी, डॉ. एनके यदु, एमएल बांठिया, बीपी शर्मा, अजय गुप्ता और रूपेश केशरवानी सहित कुल 12 पदाधिकारियों ने शामिल होकर नया रिकॉर्ड कायम किया है। लायन अध्यक्ष प्रेमचंद ने कहा कि ये पुरस्कार क्लब के प्रत्येक सदस्य का सम्मान हैं, जिन्होंने अपनी लगन और परिश्रम से क्लब को इस मुकाम तक पहुंचाया है।




### आस्था समिति ने मनाई अम्बेडकर जयंती




**कवर्धा।** स्वयंसेवी संस्था आस्था समिति द्वारा 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख दौलत राम कश्यप एवं संस्था से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बाबा साहब के तैल चित्र का पूजा अर्चना कर भारत के संविधान एवं उद्देशिका का पालन करने हेतु शपथ ली। आस्था समिति के योगदान की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष श्री कश्यप ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की लगन, कठिन परिश्रम एवं योगदान से भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान प्राप्त हुआ। उनके अथक परिश्रम से ही लोकतंत्र और सबको समान अधिकार का संविधान मिल पाया। उन्होंने देश के कानून मंत्री रहते हुए अनेको जन कल्याणकारी कानूनों की नींव रखी जिसमे वंचित समूहों, महिलाओं को खास अधिकार सुनिश्चित कराया। उन्होने कहा कि संविधान एवं कानूनों में दिए गए आदर्श, आचरण निभाने का संकल्प लेना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में मोनिका बांधेकर, देवेंद्र चौसरे, आशीष कुमार, लक्ष्मी गन्धर्व, सरोजिनी धुर्वे, प्रीती बंजारे, ज्योति धुर्वे, रविता ठाकुर, ज्योति ठाकुर, आशा मंडावी एवं शशि हठीले सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### ग्रीन गोल्ड तेंदूपत्ता पर मौसम की मार...



**कवर्धा।** अंचल के मौसम में लगातार मची उथल-पुथल के बीच आसमान में छाई बदली तथा बेमौसम बारिश व ओला वृष्टि के चलते ग्रीन गोल्ड कहे जाने वाले तेंदूपत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है। माना जा रहा है इससे आने वाले दिनो में तेंदूपत्ता संग्रहकों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पुतकी में तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन

# सतनाम मेला में भूपेश बघेल ने दी सामाजिक समरसता की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पुतकी में आयोजित तीन दिवसीय सतनाम मेला के अवसर पर बीते सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल ने गुरुद्वारा पहुंचकर बाबा गुरुघासीदास की पूजा-अर्चना की।

इस दौरान समिति के पदाधिकारियों व आसपास के जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत होकर श्री बघेल ने संत समागम सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरुघासीदास जी का संदेश मनखे-मनखे एक समान आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है।

जाति-धर्म इंसान का बनाया हुआ पाखंड है। जब ईश्वर ने भेद नहीं किया, तो हमें भी नहीं करना चाहिए। उन्होंने कबीर साहब, सिख गुरुओं और संत रविदास जी जैसे महापुरुषों के उपदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके बताए मार्ग पर चलकर हम समाज में भाईचारा और सद्भावना को बढ़ा सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उन्होंने किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, जिससे आमजन को राहत मिली। लेकिन वर्तमान समय में झूठ और फरेब का राज है। उन्होंने कहा, सैकड़ों शिक्षकों को नौकरी से निकाला गया है, जिससे उनके परिवारों का जीवन संकट में पड़ गया है। बेरोजगार युवाओं को अब भी दो करोड़ नौकरी का सपना दिखाया जा रहा है। उन्होंने सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए कहा कि जनता का अब सरकार से मोहभंग होता जा रहा है।



इस अवसर पर मुख्य रूप से सीमा अनंत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, होरीलाल साहू जिला कांग्रेस अध्यक्ष, नीलकंठ चंद्रवंशी, लालजी चंद्रवंशी, नवीन जायसवाल, अन्नपूर्णा चंद्राकर, बाबूदास गोप, डॉ. आर्य चंद्राकर, सुधांशु बघेल, जलेश यादव, कार्यक्रम में आयोजक समिति के अध्यक्ष कुमार बघेल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने पंडरिया क्षेत्र के गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

मंगलवार को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के एक दिवसीय दौरा कर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री भारत सरकार तोखन साहू 15 अप्रैल को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुंगेली विधानसभा के ग्राम बिजातराई में आयोजित रुद्र महायज्ञ, पंडरिया विधानसभा के ग्राम कुण्डा में शिक्षक राजेश, युगल किशोर साहू के निवास में स्थापित ज्योत ज्वारा दर्शन, विकासखण्ड कवर्धा के नगर पंचायत इंदौरी में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक पंडरिया मोतीराम चंद्रवंशी, मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश मिश्रा, हरेकृष्णा शुक्ला, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा रामस्वरूप साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, सोसायटी अध्यक्ष महली रामकुमार चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, सोसायटी अध्यक्ष कुण्डा अमन खनूजा, मनोज ठाकुर, भूपेंद्र चंद्राकर, रमन खनूजा, सूरज यादव, प्रताप सेन, सुधाराम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

